J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 23.06.2020**

## THE TRIBUNE

# 4-DAY WEBINAR SERIES BY YMCA

**Faridabad:** In order to provide counselling facility to students to make their career choice easy after doing twelfth and graduation, the JC Bose University of Science and Technology, YMCA, here has decided to organise a webinar series on 'Career counselling' from June 23 to 26. It will be conducted by the faculty of Liberal Arts and Media Studies in collaboration with the Career and Counselling Cell of the university. Dr Atul Mishra, chairperson of Department of Liberal Arts and Media Studies, said this would be an interactive career counselling webinar series of four days with each day dedicated to skills that would be useful in all domains. "During the webinar, students will be provided with career guidance so as to help them in identification of their skills and interest areas. Also, students will be encouraged towards skill development. The career experts will address students' queries related to career avenues available to them and help them in choosing production-oriented courses," he said.

The Tribune Tue, 23 June 2020
https://epaper.tribune

**NEWS CLIPPING: 23.06.2020**

## HINDUSTAN

इंजीनियरिंग और तकनीकी संस्थानों के लिए निर्देश जारी, ऑनलाइन इंटर्नशिप होगी और रिपोर्ट भी ऑनलाइन देंगे, एमडीयू ने जारी किए बदलावों पर निर्देश

# इंजीनियरिंग में क्लास टेस्ट के आधार पर आंतरिक मूल्यांकन होगा

**बदलाव**

**फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता**

इंजीनियरिंग और तकनीकी शिक्षण संस्थानों में छात्रों को आंतरिक मूल्यांकन के अंक क्लास टेस्ट और लेक्चर में उपस्थिति के आधार पर मिलेंगे। इवन सेमेस्टर की 2020 में होने वाली परीक्षाओं को लेकर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने परीक्षाओं की योजनाओं में बदलाव किया है। इन बदलावों पर निदेशक की ओर से सभी सम्बद्ध संस्थानों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

दरअसल, एमडीयू के तकनीकी और इंजीनियरिंग संस्थानों में कोविड 19 की वजह से अकादमिक गतिविधियां पूरी नहीं हो पाई थी। ऐसे में स्नातक और स्नातकोत्तर की परीक्षा के लिए नियमों में कुछ बदलाव किए गए हैं।

**उपस्थिति व क्लास टेस्ट के आधार पर आंतरिक मूल्यांकनः**
इंजीनियरिंग और तकनीकी सस्थानों में आंतरिक मूल्यांकन के अंक क्लास टेस्ट, क्लास में उपस्थिति, क्लास वर्क, वाइवा, प्रोजेक्ट रिपोर्ट आदि के आधार पर तय होते हैं। लेकिन इसबार छात्रों को आंतरिक मूल्यांकन के अंक क्लास टेस्ट के आधार पर मिलेंगे। जहां सिर्फ एक क्लास टेस्ट हुआ है उनके अंक दोगुना कर दिए जाएंगे।

जो छात्र क्लास टेस्ट नही दे पाए थे उन्हें असाइनमेंट दिया जाएगा और इसके अंक जोड़े जाएंगे। वहीं उपस्थिति के अंक लॉक डाउन से पहले जितने लेक्चर लिए हैं उसके आधार पर जुड़ेंगे।



### ऑनलाइन इंटर्नशिप कर सकेंगे छात्र

बीटेक छठे सेमेस्टर के छात्र लॉक डाउन के दौरान ऑनलाइन इंटर्नशिप कर सकेंगे। गौरतलब है कि बीटेक छठे सेमेस्टर के छात्रों को गर्मी की छुट्टी के दौरान छह हफ़्तों की ट्रेनिंग पूरी करनी होती है।वहीं बीटेक आठवे सेमेस्टर के छात्रों को किसी प्रतिष्ठित संस्थान में चार महीने का औद्योगिक प्रषिषण लेना होता है। वहीं इस बार छात्र तीन महीने की औद्योगिक ट्रेनिंग पूरी करेंगे। वहीं इसकी रिपोर्ट ऑनलाइन जमा करा सकेंगे और वाइवा भी ऑनलाइन होगा। एमटेक चौथे सेमेस्टर के छात्रों को 30 जून तक प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा करानी होती है जो 30 सितम्बर तक कर सकेंगे।

### समान अंकों के पांच प्रश्न पूछे जाएंगे

प्रश्न पत्र की बात करें तो पूरे सिलेबस से आठ सवाल पूछे जाएंगे। समान अंकों वाले इन प्रश्नों में से छात्रों को पांच के जवाब देने होंगे। जबकि पूर्व योजना के मुताबिक कुल नौ सवाल आए थे। इनमें से पहला सवाल हल करना अनिवार्य होता और इसमे ढाई अंकों के छह सवाल शामिल होते। वहीं बाकी आठ सवाल 15 अंकों के पूछे जाते। छात्रों को पहले अनिवार्य सवाल के साथ कुल पांच प्रश्न हल करने थे।

### वाईएमसीए में जुलाई में होगी ऑनलाइन परीक्षा

जेसीबोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार का कहना है कि महामारी की इस स्थिति में परीक्षा कराना सम्भव नही है। विश्वविद्यालय ने भी छात्र हितों को देखते हुए अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए ऑनलाइन परीक्षा की योजना बनाई गई है। जुलाई के पहले सप्ताह में होने वाली इन परीक्षाओं मे अपनी इच्छा और सहूलियत से छात्र भाग ले सकेंगें। अंतिम वर्ष के जो छात्र ऑनलाइन परीक्षा नहीं देना चाहते उनके लिए बाद में फैसला होगा। वहीं आंतिम वर्ष के अलावा बाकी सभी छात्रों के लिए परीक्षा पर जुलाई में योजना बनेगी।

**NEWS CLIPPING: 23.06.2020**

**HINDUSTAN**

# वेबिनार में छात्रों को कौशल विकास की जानकारी देंगे

**करियर काउंसलिंग**

**फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता**

छात्रों को मनपसंद करियर चुनने के लिए परामर्श देने को जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए की ओर से 23 से 26 जून तक करियर काउंसलिंग पर चार दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया जाएगा।

लिबरल आर्ट्स और मीडिया स्टडीज विभाग और विश्वविद्यालय के करियर काउंसलिंग सेल के सहयोग से होने जा रहे इस वेबिनार में छात्रों को 12वीं और स्नातक के बाद करियर चुनने को काउंसलिंग दी जाएगी। जानकारी देते हुए लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज विभाग के अध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा ने बताया कि यह एक इंटरेक्टिव करियर काउंसलिंग वेबिनार होगा। इसमें हर दिन छात्रों के लिए अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े वक्ता करियर एवं कौशल विकास को लेकर जानकारी देंगे। वेबिनार के दौरान छात्रों को उनके कौशल और रुचि वाले क्षेत्रों में करियर चुनने को मार्गदर्शन दिया जाएगा। वहीं करियर विशेषज्ञ छात्रों के सवालों के जवाब भी देंगे।

विशेषज्ञों में श्री अरबिंदो कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से डॉ. आरके वर्मा, गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद से डॉ. नीर कंवल मानी, जामिया मिलिया इस्लामिया नई दिल्ली से प्रो. एफबी खान, एनजीएफ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी से डॉ. मनप्रीत कौर, स्वराज फाउंडेशन से विजुअल आर्ट एक्सपर्ट डॉ. गौरव शौरी और बिट्स-मिसरा नोएडा कैंपस से डॉ. सुपर्णा दत्ता शामिल रहेंगे हैं।

**NEWS CLIPPING: 23.06.2020**

## PUNJAB KESARI

# विद्यार्थियों को कैरियर एवं सही पाठ्यक्रम चयन में विशेषज्ञ करेंगे मदद

**जेसी बोस विश्वविद्यालय द्वारा कैरियर काउंसलिंग पर वेबिनार श्रृंखला का आयोजन**

फरीदाबाद, 22 जून (ब्यूरो): बारहवीं और ग्रेजुएशन के बाद अपनी पसंद के कैरियर चयन को लेकर विद्यार्थियों को परामर्श सुविधा प्रदान करने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने 'कैरियर काउंसलिंग' पर 23 से 26 जून, 2020 तक चार दिवसीय वेबिनार श्रृंखला का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस वेबिनार श्रृंखला का आयोजन लिबरल आर्ट्स और मीडिया स्टडीज विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के कैरियर और काउंसलिंग सेल के सहयोग से किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज विभाग के अध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा ने बताया कि यह एक इंटरेक्टिव करियर काउंसलिंग वेबिनार श्रृंखला है, जिसमें प्रत्येक दिन विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े वक्ता कैरियर एवं कौशल विकास को लेकर जानकारी देंगे। वेबिनार श्रृंखला के दौरान विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा ताकि वे अपने कौशल और रुचि वाले क्षेत्रों की पहचान कर सके। साथ ही, विद्यार्थियों को कौशल विकास के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कैरियर विशेषज्ञ विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कैरियर अवसरों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर भी देंगे और उन्हें सही पाठ्यक्रम का चयन करने में मदद करेंगे। वेबिनार श्रृंखला के विशेषज्ञों में अरबिंदो कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से डा. आरके वर्मा, गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद से डॉ. नीर कंवल मानी, जामिया मिलिया इस्लामिया नई दिल्ली से प्रो. एफबी खान, एनजीएफ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी से डॉ. मनप्रीत कौर, स्वराज फाउंडेशन से विजुअल आर्ट एक्सपर्ट डॉ. गौरव शौरी और बिट्स-मिसरा नोएडा कैंपस से डॉ. सुपर्णा दत्ता शामिल हैं। वेबिनार श्रृंखला के प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र भी प्रदान किये जाएंगे।